हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

04 हत्या के प्रयास के आरोपियों को सिटी थाना पुलिस ने ...



07 संपन्न और समृद्ध भारत बनाने में अन्नदाताओं...





## खबर संक्षेप

### आगनबाड़ी केंद्रों में अब सुबह 9 बजे से खुलेंगे

**विदिशा।** जिले में तापमान में आई गिरावट को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किए हैं। 16 मार्च तक केंद्रों की सेवाएं अब सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित की जाएंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सुबह 9 बजे से केंद्रों पर उपस्थित रहकर शाम 4 बजे तक विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन करेंगी।

### 3 प्रकरणों में आरोपियों पर नकद इनाम घोषित

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने तीन अलग-अलग मामलों में फरार आरोपियों की जानकारी देने वालों के लिए दो-दो हजार के इनाम की घोषणा की है। घोषित इनाम में महिला थाना विदिशा के अपराध के आरोपी कुबेर सिंह निवासी धामनोद थाना सिरोंज के अपराध के फरार आरोपी गंभीर पुत्र उत्तम बागड़ी और कल्ला पुत्र फूलसिंह बागड़ी, तथा शमशाबाद थाना के अपराध अज्ञात आरोपी की सूचना शामिल है।

### बीएलओ रघुवंशी ने 10 दिनों में पूरा किया काम

**विदिशा।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र 146 कुरवाई के मतदान केंद्र क्रमांक 140 गम्भीरिया के बीएलओ एवं प्राथमिक शिक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए मात्र 8–10 दिनों में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। उन्होंने फॉर्म भरने में भी मदद की।

## मुख्यमंत्री आज कागपुर में 39.80 करोड़ के कार्यों की देंगे सौगात

**विदिशा-अशोकनगर मार्ग का भूमिपूजन किया जाएगा। हितग्राहियों को भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नवंबर को आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर पहुंचकर 39. 80 करोड़ रुपए की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के 34.05 करोड़ की लागत के 135 नवीन स्वीकृत सामुदायिक भवनों एवं कागपुर (कनारी) से विदिशा-अशोकनगर मार्ग का भूमिपूजन और आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर में 5.75 करोड़ की लागत से बनाए गए हाटबाजार का लोकार्पण करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कार्यक्रम स्थल पर विविध योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभ का वितरण करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह बघेल सहित जिलेभर के भाजपा नेता विधायकगणों सहित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमुखता से शामिल होंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के अनुसार इस अवसर पर सीएम सीसीएल ऋण वितरण, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, मैत्री योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना के लाभों का वितरण करेंगे।

### किसान कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पहली बार अमावस्या पर व्यापारियों ने की खरीदी

## दो दिन तक चला किसानों का चक्काजाम कलेक्टर के हस्तक्षेप से हो सकी नीलामी

**बुधवार को किसानों ने किया था चक्काजाम पर मंडी समिति ने नहीं किया समाधान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पिछले दो दिनों से अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों के साथ लगातार दुर्व्यवहार और अव्यवस्थाओं के चलते विदिशा मंडी में भारी हंगामा हुआ।

भारी आवक के चलते बुधवार को कुछ ट्रालियों को छोड़ दिया गया था। लेकिन गुरुवार को अमावस्या का अवकाश होने से नीलामी बंद रहती है। मंडी में लाइन में लगे किसानों का सब्र उस समय टूट गया जब एक दुकान पर तौल होते हुए देखी। किसानों ने मंगलवार को चक्काजाम कर दिया। इसके बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से अमावस्या का अवकाश होने के बावजूद मंडी में नीलामी करा दी गई। सामान्य दिनों में जहां छह लाइनों की नीलामी होती थी। लेकिन बुधवार को करीब 80–90 ट्रॉलियों की उपज बिना बिके मंडी में ही पड़ी रह गई। थी। बुधवार को ही किसानों ने मंडी समिति से खरीदी करवाने की मांग की। यह कहते हुए कि बोवनी का समय होने से खाद–बीज खरीदना है। साथ ही विवाह का सीजन चल रहा है। ऐसे में कई दिन तक मंडी में रुकना संभव नहीं है। शिकायतों के बावजूद मंडी समिति से कोई समाधान न मिलने पर बुधवार को किसानों ने किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में चक्काजाम किया था। लगभग तीन घंटे के जाम के बाद एसडीएम और मंडी सचिव ने आश्वासन दिया कि अगली सुबह 10 बजे तक व्यापारियों से चर्चा कर खरीदी शुरू करवाई जाएगी। लेकिन बुधवार सुबह 11 बजे तक भी कोई कार्रवाई न होने पर किसानों ने पुनः चक्काजाम कर दिया। स्थिति गंभीर होती देख कलेक्टर के आदेश पर अमावस्या के दिन भी खरीदी शुरू कराई गई। किसानों का आरोप था कि जब नीलामी रोक दी गई थी, तब कुछ व्यापारी मंडी परिसर में ही बिना पर्ची के खरीदी करने लगे थे। किसानों ने इसका वीडियो बनाकर मंडी समिति को दिखाना पड़ा।



विदिशा। नीलामी शुरू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए किसान।

**बिना पर्ची के खरीदी कर रहे थे व्यापारी, किसानों ने इसका वीडियो बनाकर मंडी समिति को दिखाया, नहीं हुई कार्रवाई।**

### दान पेटी से लाखों बोरी में भर ले गए चोर, सूने घर से 25 लाख की चोरी

**विदिशा।** रंगई स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार तड़के दो हथियारबंद चोर मंदिर की दान पेटी तोड़कर 8 से 10 लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह पूजा के लिए पहुंचे साधु-संतों ने टूटी दान पेटी देखी और तुरंत महंत को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि रात करीब 3:30 बजे चोर रेलवे लाइन की ओर से मंदिर परिसर में घुसे। ताला तोड़कर करीब आधे घंटे तक बेखौफ़ होकर नोट बोरी में भरते रहे। सिविल लाइन थाना पुलिस व फिंगरप्रिंट टीम ने मौके पर जांच की। फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### एक दिन पहले दिनदहाड़े 25 लाख रुपए की चोरी

**विदिशा।** बुधवार की शाम एसएटीआई कॉलेज के सामने मेन रोड स्थित सूने मकान का ताला तोड़ चोर 25 लाख का सामान नगदी चुराकर ले गए। मकान मालिक राजेन्द्र श्रीवास्तव अपनी पत्नी के साथ शाम करीब 4 पर कार्यक्रम में शामिल होने शिक्षक कॉलोनी गए। रात 8 बजे वापस आए तो घर के दरवाजे खुले थे। घर सामान बिखरा पड़ा था।

## नपा में भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका में कथित भ्रष्टाचार, मनमानी और अव्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका परिषद को तत्काल भंग करने और प्रशासक नियुक्त करने की मांग की।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नगरपालिका में पिछले कई महीनों से खींचतान, सत्ता संघर्ष और ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने का खेल चल रहा है। हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो ने इन आरोपों को और बल दिया है, जिसमें कथित भ्रष्टाचार और वार्डों में मनमाने फैसलों की बात सामने आई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने 38 पार्षदों को परिषद की बैठकों से बाहर रखकर मनमाने निर्णय लिए। उनके अनुसार, वार्डों के ठेके अवैध रूप से बांटे गए, निर्माण कार्यों में अनियमितता बरती गई और वित्तीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया गया। कांग्रेस का कहना है कि नगरपालिका कुछ लोगों के व्यक्तिगत स्वार्थ का केंद्र बन गई है। इसके परिणामस्वरूप शहर के विकास कार्य ठप पड़े हैं।

### ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र की कार्रवाई: कस्तूरी बिलाव का मांस जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**ग्यारसपुर।** वन परिक्षेत्र की टीम ने ग्राम चौपड़ा में दबिश देकर काशीनाथ पुत्र चंपानाथ को गिरफ्तार किया गया। उसकी झोपड़ी से चूल्हे पर पकता लगभग 900 ग्राम मांस जब्त किया गया। आरोपी ने कस्तूरी बिलाव का मांस होना स्वीकार किया। तलाशी के दौरान कस्तूरी बिलाव का जला हुआ सिर, बालों के गुच्छे, छुरी, हसिया सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव, उपवनमंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी तथा परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में वनपाल नरेश अहिरवार, शोभाराम विश्वकर्मा, रीतेश अहिरवार, देवकीनंदन रैकवार और अनुज शर्मा सहित वनकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### होने लगी उदयपुर मार्ग के गड्ढों की मरम्मत



**गंजबासौदा।** गंजबासौदा से उदयपुर तक 16 किलोमीटर लंबे टू-लेन मार्ग पर गड्ढों की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। यह सड़क लंबे समय से गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी, जिससे इस मार्ग से होकर जाने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर दिनभर भारी वाहनों के साथ-साथ अन्य वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। नवीन कृषि उपज मंडी और औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां वाहनों की संख्या काफी ज्यादा होती थी। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी होती थी और दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता था। सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायतें की गई थीं और समाचार पत्रों में भी खबरें प्रकाशित हुई थीं। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने 16 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। जागरुक नागरिकों, ग्रामीणों ने उक्त सड़क का मरम्मत कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किए जाने की मांग की है।

### ई रिक्शा चालकों से वाहन चालक परेशान

**गंज बासौदा।** नगर में संचालित हो रहे ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से पैदल राहगीर, दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि नगर में दिनों दिन ई रिक्शा की संख्या बढ़ रही है, जिन्हें नाबालिग भी तेज गति से चला रहे हैं, ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी न होने के कारण आए दिन वाहन दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं। सड़क पर चलते समय ई रिक्शा चालक यातायात नियमों को अनदेखा करते हुए अपने ई रिक्शा को किसी भी दिशा में मोड़ देते हैं। जिससे पास से गुजर रहे बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो जाते हैं। वहीं चार पहिया वाहन भी इन ई- रिक्शा चालकों की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। नगर के जागरूक नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन से ई रिक्शा चालको पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध हथियार चाकू किया जब्त

# हत्या के प्रयास के आरोपियों को सिटी थाना पुलिस ने 12 घंटे में पकड़ लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिटी थाना पुलिस ने चाकूबाजी की वारदात में हत्या के प्रयास के आरोपियों को 12 घंटे में गिरफ्तार कर अवैध हथियार जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार को फरियादी रितिक पिता शिवकांत शुक्ला उम्र 22 वर्ष निवासी रजोदा रोड, आरा मशीन के पीछे ने सिटी पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नेहरू चौक पर आरोपी यश बाल्मीकि ने अपने साथी विधि विरुद्ध बालक के साथ मिलकर गाली-गलौंज करते हुए उस पर छुरी से हमला कर चोट पहुँचाई। थी। फरियादी की रिपोर्ट पर सिटी थाना पुलिस ने धारा 115(2), 296(बी), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं





एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने भौतिक साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण तथा मुखबिर सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 12 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी यश बाल्मीकि एवं उसके साथी विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया है। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस टीम की सक्रियता, तत्परता और समन्वित कार्यशैली के कारण ही प्रकरण का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। उपरोक्त कार्रवाई मे थाना प्रभारी संजय वेदिया, राजेश कुमार मिश्रा, रतिराम राठौर, राकेश सेन, सत्येंद्र रावत, आजाद सिंह, अरुण छारी, सतीष तिवारी, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, सुमित अवस्थी, राहुल सरवैया, सुरजीत जाट, अभिषेक शुक्ला, अजय यादव की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आपके आसपास किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की जानकारी हो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपकी छोटी सी सूचना बड़े अपराधों को रोकने में मददगार सिद्ध हो सकती है।

## एसजीएस कॉलेज में प्रतियोगिताएं संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को दोपहर के समय इको क्लब द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एनवायरमेंटल त्रिविया क्वीज तथा इको पोस्टर डिजाइन कंपटीशन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी शिवानी गौड़ ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुमेश सिंह ठाकुर उपस्थित थे। क्विज प्रतियोगिता में लक्ष्मी अहिरवार प्रथम, राधिका शर्मा द्वितीय, रामरादित्य तृतीया तथा पोस्टर प्रतियोगिता में रवि राय प्रथम, मोनिका अहिरवार द्वितीय, जीवन लोधी को तृतीया पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में डॉक्टर खुमेश सिंह ठाकुर, डॉ. विजय शाक्य, डॉक्टर कंचन वैद्य उपस्थित रहे तथा पुरस्कार वितरण प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुमनलता गुप्ता, वरिष्ठ अध्यापिका डॉक्टर सरिता घेंघट, अर्चना चौधरी आदि द्वारा किया गया। डॉक्टर सुनीता ठाकुर द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान इको क्लब के सदस्य डॉक्टर आरडी जाटव, डॉक्टर सपना श्रीवास्तव, डॉक्टर सबीहा मंसूरी, डॉक्टर शिवानी बिश्नोई, डॉक्टर सुधा पाठक, डॉ मोनिता नेमा, सौरभ विश्वकर्मा सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर फार्म भरने का संदेश दिया



**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के स्वयंसेवकों तथा डॉल्फिन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गत दिवस विद्यालय परिसर से संपूर्ण वार्ड नंबर आठ में एक रैली निकाली गई। रैली में सम्मिलित विद्यार्थी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरने का संदेश दिया गया था। यह रैली नवांकुर प्रांगण से शुरू हुई तथा स्वयंसेवकों ने वार्ड 8 में घर घर में जाकर नागरिकों से संपर्क कर उन्हें एसआईआर फॉर्म भरने के प्रति जागरूक किया। रैली में 80 स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तथा 50 विद्यार्थी डॉल्फिन स्कूल के भी सम्मिलित थे। रैली में शामिल स्वयंसवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में घर-घर जाकर नागरिकों को एसआईआर की जानकारी, उसके लाभ बताते हुए उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरने के बारे में समझाया तथा फार्म से संबंधित अन्य जानकारियां प्रदान कीं। नागरिकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य की सराहना की गई।

## वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देश अमर शहीद वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की 193 वीं जयंती मना रहा। इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष में महारानी द्वारा भारत की एकता अखंडता व अंग्रेज सरकार की गुलामी से आजादी के लिऐ दी गई शहादत को याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई ने राष्ट्रीय एकता अखंडता के लिऐ ऐसा प्रेरणादायक शासन प्रशासन चलाया। जो आजादी के पूर्व व आजादी के बाद भी शासको के लिऐ अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। महारानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ अखंड भारत के अंतिम सम्राट बहादुर शाह जफर, तात्या टोपे, नानाजी पेशवा के साथ



बहादुरी से लड़ते हुए बहादुरी का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया और अपनी जान की बाजी लगाकर अपने साथियों सहित शहादत दी। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह लोधी ने बताया महारानी लक्ष्मीबाई के साथियों में कई वफादार लोग शामिल थे। मुन्दर खातून उनकी महिला अंगरक्षक थीं, जो युद्ध में शहीद हुईं। गुलाम गौस खां और उनके साथी तोपची थे, जो मंदिरों की रक्षा करते हुए शहीद हुए। नवाब अली बहादुर को रानी अपना भाई मानती थीं और उन्होंने रानी का अंतिम संस्कार किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमर पेंटर ने की। विशेष अतिथि के रुप में सोना बाई, रजनी देवी, लक्ष्मी देवी मौजूद रहीं। कार्यक्रम समापन पर आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत व स्वदेशी अपनाने की शपथ ली गई। इस अवसर पर मां की बगिया मे औषधीय पौधों का पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर अनेक ग्रामीण, विद्यार्थी एवं विद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

## स्वतंत्रता सेनानियों की पुण्यतिथि मनाई गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में महान क्रांतिकारी लाला लाजपत राय एवं विष्णु गणेश पिंगले तथा हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे एवं अशोक सिंघल की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन संघ के दीपक तिवारी द्वारा किया गया। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विष्णु गणेश शंकर पिंगले का जन्म 2 जनवरी 1888 में पुणे के तलेगांव में हुआ था। वे भारतीय क्रांतिकारी और गदर पार्टी के प्रमुख सदस्य थे। सन 1911 में वे इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने अमेरिका पहुंचे। वहां लाला हरदयाल जैसे नेताओं का उन्हें मार्गदर्शन मिला। देश में गदर पैदा करके देश को स्वतंत्र करवाने का सुनहरा मौका देख विष्णु गोपाल पिंगले बाकी साथियों के साथ भारत लौटे और ब्रिटिश इंडिया की फौज में क्रांति लाने की तैयारी में जुट गए। पंजाब, बंगाल और उत्तर प्रदेश में सैनिक क्रांति का पूरा प्रबंध हो गया। किंतु नादिर खान नामक एक गद्दार व्यक्ति ने गद्दारी करके उन्हें गिरफ्तार करवा दिया। उन पर मुकदमा चला और 17 नवंबर 1915 को सेंट्रल जेल लाहौर में उन्हें फांसी दी गई। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि लाला लाजपत राय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता, समाज सुधारक और लेखक थे। वे पंजाब केसरी के नाम से भी जाने जाते थे तथा उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना की थी। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा, कैलाश पटवा, मोहन सैनी, सुबोध जैन, कैलाश नेमा सहित अनेक पाठक उपस्थित थे।

## सूने घर में लाखों रुपए की चोरी



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 में बुधवार-गुरुवार की रात एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब घर के परिजन एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गए हुए थे। चोरों की पूरी वारदात घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में दो युवक रात करीब 1 बजे घर में प्रवेश करते और लगभग एक घंटे बाद चोरी कर बाहर निकलते दिख रहे हैं। वार्ड क्रमांक 7 निवासी सीमा शर्मा के घर में देर रात करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच दो अज्ञात चोर घुसे थे। घर लौटने पर परिजनों ने देखा कि मुख्य दरवाजे और कमरों के ताले टूटे पड़े थे और सारा सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी और सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। मकान मालिक ने बताया कि उन्हें इस चोरी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, शहर थाना निरीक्षक ने जानकारी दी है कि पुलिस टीम जांच में जुट गई है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## एसडीईआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड विदिशा मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एसडीईआरएफ टीम द्वारा एलबीएस कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को आपदाओं के दौरान त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने हेतु तैयार करना था। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में टीम द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुड़े उपकरणों की जानकारी दी गई। कैडेट्स को कम संसाधनों में स्वयं द्वारा बचाव उपकरण तैयार करने की विधि इंप्रोवाइज्ड मेथड का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। ताकि आपदा की स्थिति में वे



तत्काल सहायता प्रदान कर सकें। इसके उपरांत प्रशिक्षण के दूसरे चरण में निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं लाइव डेमो प्रस्तुत किए गए। सीपीआर, भूकंप सुरक्षा के उपाय, अग्नि सुरक्षा तकनीकें, फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग, वज्रपात से बचाव, सर्पदंश के दौरान क्या करें क्या ना करें। इस संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे द्वारा किया गया। टीम में सैनिक सौरभ पचौरी, कमल वर्मा, संदीप राजपूत, माधव कुशवाह एवं अभिषेक यादव सक्रिय रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कैडेट्स ने एसडीईआरएफ टीम का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से आपदा के समय सुरक्षित तरीके से कार्य करने की उनकी क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

## मेडिकल स्टोर्स की जांच के बाद लाइसेंस किए निरस्त

**गंजबासौदा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में मेडिकल स्टोरों की नियमित और व्यापक जांच की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक विदिशा द्वारा किए गए निरीक्षण में नगर एवं आसपास के कई मेडिकल स्टोरों पर गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के आधार पर मेडिकल स्टोर संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, किन्तु जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। परिणामस्वरूप निम्न मेडिकल स्टोरों की औषधि अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है। जिनमें आर्या मेडिकल एंड प्रोविजन, शर्मा मेडिकल स्टोर अंबा नगर, श्री बिहारी मेडिकल स्टोर, तिरंगा चौक, राधे कृष्ण मेडिकल स्टोर ग्राम मसूदपुर शामिल हैं। इन मेडिकल स्टोरों को थोक दवा विक्रय लायसेंस जारी किया गया था, परंतु निरीक्षण में पाया गया कि वे निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप संचालन नहीं कर रहे थे। औषधि नियमावली, 1945 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित शर्तों का पालन न करने पर संबंधित स्टोरों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। जिले में दवाइयों की गुणवत्ता और सुरक्षित वितरण सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

### नगर में सीताराम विवाह महोत्सव कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

## तिलकोत्सव में झलकी जनकपुर की परंपरा, भेंट में स्वर्ण, वस्त्र किए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिस नगर में राम–सिया का विवाह होता है। वहाँ हर कण आनंदमय और हर सांस मंगलमय हो जाती है। नगर में 25 नवंबर को निकलने जा रही भव्य और दिव्य बारात में अभी 5 दिन शेष हैं, लेकिन सियाराम विवाहोत्सव से पहले ही विवाह पूर्व की रस्मों ने नगर में भक्ति, आनंद, उत्सव का वातावरण निर्मित कर दिया है। रामलला और माता जानकी के विवाह प्रसंग को जीवंत कर रहे इस महोत्सव में लगुन से शुरू हुई।

श्री सीताराम विवाह की दूसरी रस्म गुरुवार को रामजी के तिलक उत्सव और माता सीता की गोद भराई, अयोध्या और मिथिला की संस्कृति, परंपराओं को जीविंत करते हुए संपन्न हुई। 23 नवंबर को सुबह माता पूजन एवं मंडप-स्थापन के वैदिक संस्कार होंगे। विवाहोत्सव उपलक्ष्य में 23 नवंबर को ही शाम 7 बजे गांधी चौक में सारेगामा फेम



शरद शर्मा सहित नगर के अन्य भजन गायकों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। मालूम हो कि श्री रामरस धारा परिवार द्वारा आयोजित किए जा रहे श्री सीताराम विवाह महोत्सव की विभिन्न रस्मों को इस तरह उत्सव में शामिल किया गया है जिस तरह अयोध्या और मिथिला में उन परंपराओं को निभाया गया था। गुरुवार को श्रीराम के तिलकोत्सव और माता जानकी की गोद भराई की रस्म ने नगर को भक्ति–प्रेम के रंग में सराबोर कर दिया। भेंट में दी जा रही सामग्री की शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से श्रद्धा भाव के साथ इन सभी भेंटों को सुसज्जित अलंकरण धारण किए दिव्य परिक्रमण रथों में बड़े सौंदर्य के साथ लाया गया। सजाए गए सुसज्जित रथों को गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ द्वारा सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक लाया गया। नगर के मुख्य मार्गो से निकली शोभायात्रा का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा आयोजन स्थल पर पहुँची, तब जनक-सुनयना जी की भूमिका निभा रहे सुशील–दीपा गुप्ता ने जनकपुर की परंपरा के अनुरूप द्वार पर खड़े होकर अयोध्या से आए अतिथियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वहीं माता जानकी की गोद भराई की रस्म में मिथिला की पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिली। जनक पक्ष की महिलाएं मंगल गीत गाते हुए नृत्य कर रही थीं। गोद भराई और तिलकोत्सव पूजन पंडित आशीष गोस्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। महिलाओं के वैवाहिक मंगल गीतों के बीच माता सीता की गोद भराई सम्पन्न हुई। परंपरा के अनुरूप सुहागन महिलाओं ने थाल सजाए, मेंहदी, हल्दी, चूड़ियाँ, चुनरी और वैदिक मंगल सामग्री अर्पित की। सबसे पहले माता सीता की गोद भराई की रस्म हुई जिसमें दशरथ कौशल्या की भूमिका में हरि प्रीति नेमा ने माता सीता को लाल चुनरी उड़ाई और गोदी में दो तोले सोने से बने हार, मंगलसूत्र, चूड़ा, चेन, चांदी के पांच सिक्के, पायल, 31 जोड़ी सुंदर वस्त्र सहित श्रृंगार सामग्री माता सीता की गोद भरते हुए भेंट में दी। रामजी के तिलकोत्सव में जनक जी की ओर से भगवान श्रीराम को 51 हजार रुपये, दो तोला स्वर्ण की मणिमय चेन, 31 जोड़ी विशेष वस्त्र, मंगल फल, सुगंधित मेवा, मिष्ठान्न और वैदिक पूजन सामग्री अर्पित की गई। विवाहोत्सव के सूत्रधार और रामरस धारा परिवार के संस्थापक अंकुर माधव महाराज ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम और माता जानकी का यह विवाह हमें यह सिखाता है कि धर्म, प्रेम और समर्पण से ही जीवन धन्य होता है। राम–सिया के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ तथा परिवार, समाज और नगर को भक्ति और धर्म के मार्ग पर अग्रसर करें।

## शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में विशेष जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में डिजिटल रणभूमि नारी सुरक्षा संकल्प विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर बढ़ते अपराधों की रोकथाम, छात्राओं एवं महिलाओं में साइबर सुरक्षा जागरूकता तथा ऑनलाइन सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी शिखा भलावी उपस्थित रहीं। जिन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य




अनामिका प्रजापति रहीं। जिन्होंने छात्राओं को डिजिटल युग में सतर्क रहने एवं तकनीक का सुरक्षित उपयोग करने की प्रेरणा दी। अभाविप के नगर अध्यक्ष कुलदीप शर्मा एवं नगर मंत्री गजेन्द्र सिंह राजपूत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अभाविप की नगर सह मंत्री शिवकुमारी कुर्मी ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, साहस और वीरता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं विवरण परिषद के जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में परिषद की यशिका तिवारी, पायल लोधी, खुशी रघुवंशी, इशू रघुवंशी, उत्कर्ष दिवाकर, तरुण ठाकुर, रणजीत रघुवंशी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ शिखा साहू रहीं अग्रणी

**सागर।** वर्तमान में जारी एसआईआर (मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 16 बेलईघाट की बूथ लेवल अधिकारी शिखा साहू ने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन प्रशिक्षण 2026 के अंतर्गत मतदाताओं की मैपिंग से लेकर मतदाता गणना पत्रक का शत.प्रतिशत डिजिटाइजेशन समय सीमा के पूर्व पूरा कर श्रेष्ठ बीएलओ में शामिल हैं। शिखा साहू ने बताया कि यह कार्य उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में पूरा किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. ने एसआईआर कार्य में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत ने बताया कि बीएलओ साहू द्वारा अब तक 84 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो जिले में सर्वाधिक है। उनके मतदान केंद्र से कुल 484 मतदाता जुड़े में 408 मतदाताओं के गणना पत्रक वे डिजिटाइज्ड कर चुके हैं।

### स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों का निरीक्षण और नमूना परीक्षण किया गया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के दिए गए निर्देशों के पालन में मिलावट के विरुद्ध अभियान के तहत कटरा, नमक मंडी और सागर स्थित चार चौपाटियों का निरीक्षण किया गया। प्रशासन की टीम ने मौके पर ग्वालियर चाट, रीवा चाट, भोपाल माल और मधुर पावभाजी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमित पावभाजी एवं गोपाल चाट भंडार के एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन की एक्सपायरी डेट पाई गई। गोपाल चाट भंडार से फुलकी, मधुर पावभाजी से पावभाजी, कुकिंग यूज्ड ऑइल और मोमोज के नमूने लिए गए। साथ ही तीर्थकर परिसर स्थित कोमल ट्रेडर्स से किशमिश, पिंड खजूर और एप्रीकोट के नमूने भी लिए गए।

सामाजिक न्याय, उद्यानिकी तथा एमपी एग्रो विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

# संपन्न और समृद्ध भारत बनाने में अन्नदाताओं की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिकाः मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संपन्न भारत, समृद्ध भारत बनाने के लिए किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही जैविक खेती के लिए किसान भाइयों को प्रोत्साहित करें। उक्त निर्देश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने सागर में समीक्षा बैठक में दिए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, अंशुल परिहार, सुमित यादव सहित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा उद्यानिकी विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में संयुक्त संचालक उद्यानिकी निकिता जैन द्वारा संभाग के समस्त जिलों का प्रेजेंटेशन किया गया।बैठक में एकीकृत बागवानी मिशन योजनांतर्गत सब्जी क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार, जैविक खेती, संरक्षित खेती, बागवानी यंत्रीकरण, फलोद्यान योजना की समीक्षा की गई। मसाला क्षेत्र विस्तार, पीडीएमसी एवं पीएमएफएमई योजना में निवाड़ी जिले की प्रगति कम होने पर मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। संयुक्त संचालक उद्यानिकी को निवाड़ी जिले के सहायक संचालक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए, साथ ही एक माह में प्रदाय लक्ष्य अनुसार पूर्ति किए जाने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में राज्य योजना फलोद्यान, मसाला क्षेत्र विस्तार, पीडीएमसी योजना अंतर्गत ड्रिप/स्प्रिंकलर के भौतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जिलेवार समीक्षा की गई। पीएमएफएमई योजनांतर्गत मंत्री कुशवाहा द्वारा संभाग की प्रगति कम होने पर कलेक्टर की टीएल बैठक व डीएलसीसी में प्रकरणों की समीक्षा कर एक माह में स्वीकृत कराए जाने के निर्देश दिए गए।



मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा विभागीय कार्य समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए गए। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक एम.पी. एग्रो को समय पर सामग्री उपलब्ध कराने एवं समय पर वेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त संचालक उद्यानिकी श्रीमती निकिता जैन, संभाग के समस्त जिलों के उपसंचालक एवं सहायक संचालक उद्यान तथा सागर जिले के समस्त वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, उद्यान प्रभारी व ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी मौजूद रहे।



## पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए मंत्री गोविंद राजपूत

**सागर।** शांतिनाथ धाम सिरोंजा में श्री 1008 शांतिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति का आयोजन आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में बीटीआईआरटी कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए। मंत्री राजपूत ने आचार्य श्री एवं संतों का आशीर्वाद लेते हुए परिसर में बाबूलाल ताराबाई जी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए आयोजित समिति को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि यह पुण्य पवन आयोजन हम सभी के लिए गर्व की बात है संतों का हमारे क्षेत्र में आना ही हम सब की खुशियों और समृद्धि का शुभ संकेत है। उन्होंने आयोजनकर्ता बी.टी.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा मंत्री राजपूत का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कैलाश सिंघाई दाऊ, देवेंद्र लोहारी, महेंद्र जैन वलेह, सौरव जैन घड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव मिश्रा, डॉ वीरेंद्र पाठक, भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र पप्पू फुसकेले, नेमी जैन, सुबोध जैन, शुभम जैन जैसीनगर आदि उपस्थित रहे।



## विवाह पंचमी पर होगा श्रीराम जानकी विवाह मंदिर समिति और भक्तों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगर के हृदय स्थल बजरिया स्थित श्री देव जानकी रमण मंदिर में 25 नवंबर विवाह पंचमी पर श्रीराम जानकी जी का शुभ विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति और भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तय की गई, ताकि उत्सव को पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा सके। मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सौरभ हजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के हृदय स्थल बजरिया स्थित श्री देव जानकी रमण मंदिर में यह शुभ विवाह उत्सव आयोजित किया जाएगा। प्रातःकालः उत्सव का शुभारंभ श्री देव जानकी रमण भगवान का अभिषेक के साथ होगा। सायं 5 बजे से बारातः शुभ विवाह के लिए भगवान श्रीराम की बारात सायं 5 बजे से निकाली जाएगी। यह बारात मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगी।

## ग्राम घौरट, घांगर, बरोदिया बामन में 75 लाख के सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घौरट, घांगर तथा बरोदिया बामन में कुल 75 लाख रुपये की लागत से नवीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिनमें ग्रामघौरट में 25 लाख रूपये, ग्राम घांघर में 25 लाख रूपये और ग्राम बरोदिया बामन में 25 लाख रूपये लागत के सामुदायिक भवन निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आपके पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। आज यहाँ तीन गाँवों में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन हुआ है, इसके अलावा नवीन पंचायत भवन, चबूतरा निर्माण, हनुमान मंदिर, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, अस्पताल सहित अनेक विकास कार्य कराए जा चुके हैं। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल मैदानों का निर्माण कराया गया है।




आपके पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की यह सोच है कि जब हमारे स्कूल के बच्चे-बच्चियाँ खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे तो अपना ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। बेटे-बेटियों को साइकिल वितरित की गई, जिससे दूर-दराज से पढ़ने आने वाले बच्चों को आवागमन में बहुत सुविधा हुई। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि भी दी गई।उन्होंने कहा कि हमारी बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिन बहनों के नाम छूट गए थे या जिन्हें राशि नहीं मिल रही थी, उनके नाम जुड़वाए गए और अब सभी को योजना का लाभ मिल रहा है।

## गौर उत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन




**मालथौन।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित गौरी मंदिर में गौर उत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन किया गया। डॉ. हरिसिंह गौर की 150वीं जयंती के अवसर पर बृजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय, मालथौन में कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष गिरीश पटैरिया एवं महाविद्यालय के निदेशक डॉ. आशीष पटैरिया द्वारा मां सरस्वती के पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. आशीष पटैरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा डॉ. हरिसिंह गौर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. हरिसिंह गौर का जन्म 26 नवंबर 1870 को सागर, मध्य प्रदेश में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सागर के सरकारी स्कूल में पूरी हुई। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने इंग्लैंड और आयरलैंड का रुख किया। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति तथा नागपुर विश्वविद्यालय के दो बार कुलपति रहे। उन्होंने 18 जुलाई 1946 को सागर विश्वविद्यालय (वर्तमान में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय) की स्थापना की, जिसके लिए उन्होंने अपने जीवन भर की कमाई से लगभग 2 करोड़ रुपये दान कर दिए। 25 दिसम्बर 1949 को सागर में उनका निधन हो गया। समिति अध्यक्ष गिरीश पटैरिया ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. हरिसिंह गौर एक महान वक्ता, उपन्यासकार, धार्मिक और दार्शनिक विचारक थे। वह रॉयल सोसाइटी ऑफ लिटरेचर के सदस्य भी थे, जो उनकी साहित्यिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने सामाजिक और वैज्ञानिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा वह शक्ति है जो सामाजिक परिवर्तन ला सकती है और डॉ. हरिसिंह गौर स्वयं इसका प्रेरक उदाहरण हैं। मंच का संचालन कॉलेज की प्राचार्य सुनीता जैन ने किया।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

विधायक कार्यलय पर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक हरि सिंह सप्रे, विधानसभा प्रभारी अभियान (एसआईआर) जगदीश साहू मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे साथ ही आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी पदाधिकारियों को मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण आधार है। हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह इस अभियान में पूरी निष्ठा के साथ जुड़कर शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करे।

10वीं, 12वीं पास युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

## सुरक्षा गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के लिए आज से होगा सात दिवसीय भर्ती कैंप आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर एवं आसपास के क्षेत्र के 19 से 40 वर्ष के युवाओं के लिए रोजगार का बेहतरीन अवसर आया है। 21 नवंबर शुक्रवार को जनपद पंचायत ग्यारसपुर कार्यालय में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

यह भर्ती भारत सरकार के पसार एक्ट 2005 के अंतर्गत मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स, एनडीआरएफ तथा भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत ने बताया कि सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विदिशा जिले में 21 से 27 नवंबर तक सात दिवसीय भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### अभ्यर्थियों का शारीरिक रूप से फिट होना अनिवार्य

21 नवंबर को ग्यारसपुर में भर्ती प्रक्रिया होगी। 22 नवंबर लटेरी, 23 नवंबर कुरवाई, 24 नवंबर सिरोंज, 25 नवंबर बासौदा, 26 नवंबर नटेरन, 27 नवंबर मों विदिशा में भर्ती प्रक्रिया होगी। पात्रता सुरक्षा जवान के लिए 10वीं पास, आयु 19–40 वर्ष एवं लंबाई 167.5 सेमी आवश्यक है। सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12वीं पास, आयु 21–37 वर्ष एवं लंबाई 170 सेमी निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों का शारीरिक रूप से फिट होना अनिवार्य है। दस्तावेज 10वीं व 12वीं की अंकतालिका, दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर केंद्र सरकार द्वारा 15 हजार की प्रोत्साहन राशि और 65 वर्ष तक स्थाई रोजगार दिया जाएगा।

## 125वें वर्ष में भगवा आभा बिखेरेगा रामलीला मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ऐतिहासिक श्रीरामलीला मेला समिति ने इस वर्ष 125वें स्थापना वर्ष को भव्य और यादगार बनाने की तैयारी तेज कर दी है। मकर संक्रांति से शुरू होने वाले मेले में इस बार पूरा परिसर भगवा रंग की आभा से जगमगाएगा। गुरुवार को समिति ने व्यापारियों और दुकानदारों के साथ बैठक कर तैयारियों की रूपरेखा साझा की, जिसमें सभी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समिति के मानसेवी सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि रामलीला चौराहा से लेकर जानकी कुंड मार्ग तथा मंडी रोड तक सभी दुकानों के शटर और बोर्ड भगवा रंग से पुतवाए जाएंगे। पूरे मेला क्षेत्र में भगवा ध्वज, झंडे और बैनर आकर्षण बढ़ाएंगे। विशेष वर्ष को ऐतिहासिक बनाने के लिए चारों शंकराचार्यों सहित देश के कई प्रमुख बुद्धिजीवियों से संपर्क किया जा रहा है। बैठक में सुरेश शर्मा शास्त्री, संजय पुरोहित, नारायण प्रसाद शर्मा, रवि चतुर्वेदी एवं प्रेम नारायण शर्मा उपस्थित रहे।

## परिवार ने मंदिर के लिए समर्पित किया मकान व कुआं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागरजी महाराज के मुनिसंघ का ग्यारसपुर नगर में मंगल आगमन हुआ। संघ ने विशाल जिनालय के दर्शन कर शांतिधारा संपन्न कराई।

प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि प्रातः अटारीखेजड़ा से ग्यारसपुर तक मंगलविहार हुआ। जिसमें भोपाल, विदिशा और राहतगढ़ के अनेक श्रद्धालु पैदल शामिल रहे। प्रातःकालीन बेला में मुनिश्री प्रमाण सागर के मुखारविंद से अभिषेक, शांतिधारा और प्रथम सत्र में शंका-समाधान तथा आहार-चर्या सम्पन्न हुई।इस दौरान श्रद्धालुओं ने धर्म, जीवन व्यवहार और साधना से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका मुनिश्री ने सरलता से समाधान किया। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जैन धर्म में समाधि का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। समाधि की साधना के लिए कषायों की मंदता, व्रत-उपवास और नियमित भावनायोग का अभ्यास आवश्यक है, जो समताभाव की वृद्धि में सहायक बनता है। कार्यक्रम के दौरान ग्यारसपुर के एक श्रद्धालु परिवार ने अपना मकान जिसमें कुआं भी शामिल है, मंदिर के लिए समर्पित किया। तीनों भाइयों ने मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनिश्री ने कहा कि दान जीवन को कृतार्थ करने का माध्यम है और किसी भी दान की अनुमोदना अवश्य करनी चाहिए।



पुराना ट्रेक्टर बेचना है
2023 MODEL
FARMTRAC 45
MP-40-ZD-8363
इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर संपर्क करें।
सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
साँची रोड़, विदिशा
मो.: 9425600144




नगरपालिका क्षेत्र की उखड़ी पड़ी सड़कों को किया जाएगा दुरुस्त

विदिशा नगरपालिका द्वारा किया जाएगा सड़कों का निर्माण।

# विधायक मुकेश टंडन की एक करोड़ रुपए की विधायक निधि से सुधरेंगी शहर की कई सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा नगरपालिका क्षेत्र की क्षतिग्रस्त प्रमुख सड़कों के पुनः डामरीकरण एवं बीटी रिन्यूवल (मरम्मत) कार्य के लिए विधायक विदिशा मुकेश टंडन ने विधायक निधि से लगभग एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हेतु कलेक्टर को अनुशंसा भेजी है। यह कार्य शहर की जर्जर हो चुकी बड़ी सड़कों को पुनः दुरुस्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विधायक ने जिन कार्यों के लिए विधायक निधि से अनुशंसा की है उनमें 1 वार्ड नंबर 1 में पशु बाजार चौराह से शनि मंदिर बेतवा नदी घाट तक 7 लाख 20 हजार रुपए की राशि से सड़क की मरम्मत की जाएगी।

वार्ड 22-23 में – बालविहार के पीछे कश्मीरी होटल से मूंगाश्री तक 15 लाख 19 हजार 500 रुपए की राशि से डामर किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 14 एवं 16 में बजरिया चौक से इमामबाड़ा तक 10 हजार 64 हजार की राशि से सड़क की मरम्मत की जाएगी। वहीं वार्ड 16 में पेढ़ी चौराह से कार्तिक चौक होते हुए धर्माधिकारी चौक तक 6 लाख 65 हजार की राशि से उधड़ी पड़ी सड़क को दुरस्त किया जाएगा।

इसके अलावा वार्ड 10 में विवेकानंद चौराह से भोपाल रोड नाले तक 24 लाख 63 हजार 200 रुपए की राशि से डामरीकरण किया जाएगा। वार्ड 27 पीडब्ल्यूडी ऑफिस से सिंह वाहिनी मंदिर तक बीटी रिन्यूवल 5 लाख 24 हजार रुपए की राशि से सड़क की मरम्मत की जाएगी।

वार्ड 22 माधवगंज चौक, भंडारी मेडिकल से डॉ. मजेजी तक बीटी रिन्यूवल 6 लाख 34 हजार, वार्ड 22 अग्रवाल धर्मशाला के सामने से माहेश्वरी मोबाइल शॉप तक सड़क की मरम्मत 6 लाख 72 हजार रुपए, वार्ड 7 में वैशाली नगर में शंकरजी मंदिर से रघुवंशी जी के मकान तक सड़क की मरम्मत 15 लाख 91 हजार रुपए की राशि से होगी। कुल अनुशंसित 98 लाख 52 हजार 805 रुपए है। विधायक निधि से स्वीकृति मिलते ही बड़े मार्गों के साथ-साथ नगर के क्षतिग्रस्त आंतरिक मार्गों का पुनर्निर्माण भी नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा कराया जाएगा।

■ सड़कों में सुधार होने से आम लोगों को मिलेगी राहत।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# जमुनिया घाटी बनी सिलवानी का जानलेवा मार्ग अनियंत्रित वाहन, गहरी खाई और संकरी सड़क

## घाटी पर खतरनाक 180 डिग्री के मोड़ और तीव्र ढलान वाहन चालकों के लिए बने चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गैरतगंज-सिलवानी स्टेट हाइवे 44 पर स्थित जमुनिया घाटी अब यात्रियों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। लगभग 6 किलोमीटर लंबी इस घाटी में बने खतरनाक 180 डिग्री के मोड़ और तीव्र ढलान वाहन चालकों के लिए चुनौती बन चुके हैं। ढलान पर वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और जरा सी चूक बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले सालो में घाटी में अनेक हादसे हो चुके हैं, जिनमें जान माल का नुकसान हो चुका है। यात्रियों और क्षेत्रवासियों की चिंता इस बात को लेकर भी है कि घाटी के इस हिस्से में सामने से आने वाले वाहन दिखाई ही नहीं देते, जिससे दुर्घटनाएं और भी गंभीर हो जाती हैं।

### घाटी के खतरनाक ढलान और गहरी खाई बनी खतरनाक

जमुनिया घाटी के एक ओर 200 से 250 फीट गहरी खाई है। जबकि दूसरी तरफ पहाड़ी है। सड़क किनारे रेलिंग और कुछ स्थानों पर दीवारें बनाई गई हैं, लेकिन घाटी खत्म होते ही सड़क अचानक सीधी होकर तुरंत मोड़ ले लेती है। इस कारण वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे होते रहते हैं।

स्थानीय वाहन चालक रामबाबू रघुवंशी बताते हैं ऊपर से आते हुए वाहन ढलान के कारण नियंत्रण खो देते हैं। अचानक सामने कोई वाहन आ जाए तो बचाने के दौरान वाहन अनियंत्रित हो जाता है। सड़क को चौड़ा करना और मोड़ों को सीधा करना अत्यंत आवश्यक है। वरना हादसे थमने वाले नहीं हैं।

### शीघ्र सुरक्षा सुधार की आवश्यकता

*यात्री और स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि घाटी के खतरनाक मोड़ों पर चेतावनी संकेत, अतिरिक्त रेलिंग, सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जाए। यदि जल्द सुधार नहीं किया, तो आने वाले समय में घाटी और अधिक खतरनाक बन सकती है। जमुनिया घाटी अब क्षेत्र की सबसे जोखिमपूर्ण मार्गों में शामिल हो चुकी है। यात्रियों और वाहन चालकों में हर समय हादसे का भय बना रहता है और सुरक्षा उपायों के अभाव में यह मार्ग लगातार खतरनाक बना हुआ है।*

## आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं को नहीं मिल रहा पोषण आहार

# महिला बाल विकास विभाग की उदासीनता के चलते जिले में 1 हजार से अधिक बच्चे कुपोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की आंगनबाड़ियों में गर्भवती महिलाएं और धात्री महिलाओं सहित बच्चों को पोषण आहार और नाश्ते के वितरण में जिम्मेदार विभाग की मैदानी टीम सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं कर पा रही है, जिससे जिला प्रशासन चाह कर भी महिलाओं और बच्चों में कुपोषण के कलंक को दूर नहीं कर पा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किए गए नए सर्वे में अभी भी एक हजार बच्चे कुपोषित मिले हैं।

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने कुछ संस्थाओं से भी चर्चा कर नए सिरे से कुपोषण को खत्म करने का बीड़ा उठाया है। लेकिन जिला महिला बाल विकास की भूमिका अभी भी संदेह के घेरे में है। जिले की आंगनबाड़ियों की हालत बिगड़ती जा रही है। इन केन्द्रों में आने वाले बच्चों और गर्भवती सहित धात्री महिलाओं की संख्या लगातार घटती जा रही है।

सरकार द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं राज्य और जिला स्तरीय अधिकारियों को इसमें सुधार के लिए आदेश जारी किए हैं।

### नाश्ता और भोजन वितरण से खुली पोल

*रायसेन में ऐसी आंगनबाड़ियां जहां किसी भी हितग्राही को नाश्ता और भोजन देना नहीं पाया गया। उनकी संख्या जून माह में 206 रही। जुलाई में बढ़ कर 211, अगस्त में 369 और सितंबर में 386, अक्टूबर माह में 414 बंद मिली। ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्र जहां 3 से 6 वर्ष के एक भी बच्चों को नाश्ता और भोजन देना नहीं पाया गया। उनकी संख्या जून में 274, जुलाई में 283, अगस्त में 443 और सितंबर में बढ़ कर 470 अक्टूबर में 489 हो गई। ऐसी आंगनबाड़ी जहां 6 माह से 3 साल के किसी भी बच्चे को नाश्ता और भोजन नहीं मिली उनकी संख्या जून में 6656, जुलाई 6559, अगस्त 14070 और सितंबर महीने में 13739, अक्टूबर में 14871 हो गई।*



### विभाग ने माना जिला स्तर पर लापरवाही

हालांकि जिला स्तर पर पदस्थ ब्लाक और जिला स्तर के महिला बाल विकास अधिकारी इसकी वजह आंकड़े फीडिंग नहीं होने और अन्य तकनीकि खामी का हवाला देते हैं। इसके विपरीत विभाग के संयुक्त संचालक अक्षय श्रीवास्तव के अनुसार यह विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता है। साथ ही जहां लगातार स्थिति शून्य की आ रही है उसका परीक्षण कर संबंधितों पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### जानकारी लेकर करेंगे सुधार

इसकी जानकारी विभाग की पर्यवेक्षक सेक्टर प्रभारी से ली जाएगी। इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जा सकेगी।

- **बृजेश कुमार जैन,** जिला कार्यक्रम अधिकारी रायसेन।

## मध्यान्ह भोजन वितरण में गड़बड़ी ग्रामीणों ने लिखित में की शिकायत

◆ टीम ने जांच में की सिर्फ कागजी लीपापोती

**रायसेन।** शासकीय प्राथमिक शाला रतनपुर में ग्रामीणों द्वारा मध्यान्ह भोजन वितरण में घोर लापरवाही की शिकायत की थी। इसके बाद जिला पंचायत के मिड डे मील से जांच टीम रतनपुर पहुंची। जांच टीम द्वारा इस गड़बड़ी के मामले में लीपापोती करके कागजी खानापूर्ति की है।

शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लगातार 5-6 दिनों से रसोई घर में ताला डला था, बच्चों को भोजन नहीं मिल पा रहा था। इसकी शिकायत हमने लिखित जिला पंचायत के मिड डे मील शाखा में की थी। इसके बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और जांच टीम को रतनपुर भेज कर कार्रवाई कर पंचनामा बनाया।

बताया जा रहा है कि इस मामले में जांच टीम ने सिर्फ कागजी खानापूर्ति की है। सही कार्रवाई के अभाव में समूह संचालकों के हौसले बुलंद है। इस मामले में विभागीय अधिकारी अब दोबारा से जांच करने का आश्वासन दे रहे हैं।

जिला शिक्षा केंद्र रायसेन की टीम से दोबारा इसकी जांच कराई जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान में संचालित महिला स्व सहायता समूह द्वारा घोर लापरवाही और गड़बड़ी की जा रही है। ऐसी स्थिति में बच्चों को भरपेट भोजन भी नहीं मिल पा रहा है।

### इनका कहना है

स्कूल में जिला शिक्षण केंद्र की जांच टीम भेज कर दोबारा से जांच कराई जाएगी। जो भी तथ्य सामने आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- **भुवन सिंह मौर्य,** मिड-डे मील प्रभारी जिला पंचायत रायसेन।

## खाद और कीटनाशक की दुकानों का किया निरीक्षण

दो व्यापारियों को थमाए शोकॉज नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक तथा उर्वरक मिले, इसके लिए कलेक्टर के निर्देश अनुसार तथा उप संचालक कृषि केपी भगत के मार्गदर्शन में कीटनाशक और उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में बरेली, खरगोन में कृषि विभाग के और बाड़ी के कृषि महकमे के दलअधिकारियों की टीम द्वारा कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों अंबिका ट्रेडर्स, एचके कृषि मार्ट, श्रीराम कृषि सेवा केंद्र, आदित्य ट्रेडर्स, मॉ रेवा कृषि सेवा केंद्र, सत्य साईं कृषि सेवा केंद्र, विश्वकर्मा कृषी सेवा केंद्र बाड़ी आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है। निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों द्वारा कीटनाशक, उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि रबी सीजन के लिए किसानों को गुणवत्तापूर्ण शासन के नियमानुसार उचित दर पर ही खाद या उर्वरक विक्रय की जाए। यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अधिक दाम में उर्वरक विक्रय की जाती है या कालाबाजारी की जाती है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मां रेवा कृषि सेवा केंद्र, सत्य सांई कृषि सेवा केंद्र पर स्टॉक रजिस्टर और बिल बुक में कमियां पाए जाने पर उक्त फर्मों को नोटिस जारी कर सख्त निर्देश दिए गए कि शासन के नियमानुसार ही दुकान का संचालन किया जाए। लापरवाही की जाने पर लाइसेंस निरस्त कर कार्यवाही की जाएगी।

## सांसद खेल महोत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर परिषद द्वारा संसदीय खेल महोत्सव का श्रीरामलीला मैदान में आयोजन किया। खेल महोत्सव में स्कूली बच्चें तथा महिलाएं और नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम व पार्षदगण, पत्रकार बंधु तथा व्यापारी संघ के लोग भी शामिल हुए।

खेल महोत्सव की शुरुआत नप के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा पत्रकारों के बीच रस्सी खींच प्रतियोगिता रखी गई जो बड़ा ही रोमांचक खेल रहा। इस प्रतियोगिता में नगर परिषद को हराते हुए पत्रकार बंधुओ ने अपनी जीत हासिल की।

वहीं स्कूली बच्चों द्वारा कुर्सी दौड़, नींबू दौड़, रस्सी खींच का आयोजन रखा गया। रस्सी खींच में महिलाओं ने भी भागीदारी की। इस मौके पर लप अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, पार्षद रघुवीर सिंह चौहान, शुभम तोमर, बंटी मेहरा, हितेश पाल, शिक्षा विभाग से बीईओ ऐश्वर्या मुंदरा, सीएमओ रामलाल कुशवाह, हिमाचल सिंह ठाकुर, पत्रकार संघ के अध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, संघमित्रा पत्रकार संघ के अध्यक्ष नसीम खान, व्यापार संघ के अध्यक्ष संतोष दुबे उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दोनों पक्षों पर काउंटर केस का मामला किया दर्ज

# धान के रुपयों को लेकर व्यापारी व किसान में मारपीट, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

धान के रुपयों के लेन देन को लेकर व्यापारी और किसान के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के 4 लोगों को चोंटे आईं। किसान और उसके लड़के को गंभीर चोंटे से भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती किया है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात कस्बे के व्यापारी दिनेश साहू को किसान उस्मान खान ने 3100 रुपए क्विंटल के हिसाब से लगभग सवा लाख रुपए की धान बेची। व्यापारी ने 37 हजार रुपए नगद देकर बकाया राशि 2 दिन में देने का बोला, लेकिन किसान ने रसीद देखी तो उसमें एक सप्ताह बाद रुपए देने का लिखा था।



बस इसी बात पर व्यापारी और किसान के साथ विवाद हो गया।

व्यापारी दिनेश व उसके लड़के हर्ष और हर्षित ने लोहे की रॉड से उस्मान खान के लड़के फरहान के सिर में मार दिया। विवाद में दिनेश साहू के लड़कों को भी मामूली चोटें आईं हैं। पुलिस ने किसान उस्मान खान और व्यापारी दिनेश साहू की रिपोर्ट पर दोनों पक्ष के लोगों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया।

### खूनी संघर्षः डंडे से युवक का सिर फोड़ा, रेफर

**सलामतपुर।** ग्राम पंचायत खोहा के ग्राम पुरा में मोहर सिंह मीणा पिता नारायण सिंह का अभिषेक पिता प्रकाश मीणा से बाड़े को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। बुधवार दोपहर 4 बजे मोहर सिंह अपनी भैंस चराने सूरज सिंह के खेत की मेढ़ पर गया था, तभी अभिषेक आया और बोला कि बाड़ा मेरे हिस्से में हैं और तू बाड़े में कदम मत रख देना और उसने गाली गलौच शुरू कर दी। मोहर सिंह ने गाली देने से मना किया तो अभिषेक ने डंडा उठाकर मोहर सिंह के सिर पर दे मारा, जिससे मोहर सिंह के सिर में गंभीर चोटें आ गईं।

# पीएमश्री स्कूल में बाल सृजन ईट राइट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शासकीय पीएमश्री माध्यमिक शाला में बाल सृजन ईट राइट मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, अवनीश पालीवाल रहे। बाल मेला में छात्र-छात्राओं पालकों, नागरिकों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

राज्यमंत्री पटेल ने बच्चों से संवाद के दौरान कहा कि माता-पिता की बातें मानना हमारा कर्तव्य है। वह हमेशा हमारी भलाई और हित की बात करते हैं। साथ कहा कि



खान-पान, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। पौष्टिक आहार संतुलित भोजन भी जरूरी है।

**कार्यक्रम स्थल पर छात्रः** छात्राओं द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए थे। इसी के साथ विज्ञान प्रदर्शनी में अनेक मॉडल प्रदर्शित किए जिनका अवलोकन राज्य मंत्री पटेल के साथ अतिथियों ने किया और छात्र-छात्राओं के प्रतिभा प्रदर्शन की प्रशंसा की दिनभर बाल सृजन मेला ईट राइट कार्यक्रम स्थल पर छात्रों पालकों नागरिकों की भीड़ लगी रही।

# नगर में प्रदेश अध्यक्ष पटवारी सहित कांग्रेसी नेताओं का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

प्रदेश के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, भोपाल के विधायक आरिफ मसूद एवं सुखदेव पांसे का भोपाल से नरसिंहपुर प्रवास पर जाते समय उन्होंने बाड़ी के कांग्रेसियों के अनुरोध पर रुके कई जगह उनका हृदय दिल से स्वागत किया गया। कांग्रेसियों का जोश देखते ही बन रहा प्रदेश के आला नेताओं को एक साथ देखकर जोश और उत्साह आसमान छू रहा था। जगह जगह कांग्रेसियों ने स्वागत के लिए समर्थकों के साथ स्वागत की तैयारी में खड़े दिखाई दिए।

नगर के बब्बाजी ढाबे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष ठाकुर, ताराचंद साहू, रामाधर शर्मा, भगवानदास चौहान, सुनील शर्मा, मंसूरी समाज के प्रदेश सचिव सलीम मंसूरी, आकाश पचौरी, बबलू भाई, सूर्यांश ठाकुर ने उनका स्वागत किया और उनके साथ बैठकर चर्चा चर्चा की गई। रवाना होने के बाद टोल नाके पर नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल ठाकुर के नेतृत्व मे टोल नाके पर बंधन अभिनंद के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं केक काटकर एक दूसरे को



बधाई दी सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ठा. होशियार सिंह परिहार, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शेख मजीब, पार्षद प्रतिनिधि अमित साहू, रिजवान मंसूरी, अभिषेक प्रताप, प्रियांशु पटेल, सुमित शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यकर्ताओं से चर्चा कर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं का दल नरसिंहपुर की ओर रवाना हो गया।

# खेतों में खड़ी धान फसलें, पलेवा और बोवनी कार्य में हो रहा विलंब

## आधा नवंबर महीना बीता, नहीं शुरू हुआ नहरों में पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आधे से अधिक नवंबर माह बीत चुका है। अभी तक बारना बांध की नहरों में पानी शुरू नहीं हुआ है कब नहरो का पानी खेतों तक आएगा कब वोवनी पूर्व पलेवा बखरनी होगी इसी चिंता और समस्या से किसान जूझते नजर आ रहे हैं। गेहूं चना की वोवनी निरंतर पिछड़ रही है विलंब से वोवनी में उत्पादन में कमी आने की संभावना रहती है।



इस वर्ष क्षेत्र में धान की रोपाई में विलंब हुआ इसी के साथ वर्षा काल में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई सामान्य से डेढ़ गुना बारिश और कटाई से कुछ दिन पूर्व तक हुई बारिश के असर से धान की कटाई में विलंब की स्थिति बनी हुई है।

क्षेत्र के ग्रामों में अभी 15-20 प्रतिशत धान कटाई के इंतजार में है पिछले 15 दिनों से पढ़ रही भारी शीत और सूरज की किरणों की तेजी कम होने का धान की कटाई में विलंब का कारण बन रहा है। नमीयुक्त धान में बमुश्किल हार्वेस्टर चल पा रहे हैं। हवा पानी से आड़ी हुई धान की फसलों की हाथ कटाई के लिए पर्याप्त मजदूर भी नहीं मिल रहे हैं।

### चिंता में किसान

जिन किसानों की धान कट गई परंतु आसपास के खेतों में धान खड़ी हुई है। ऐसी स्थिति संपूर्ण क्षेत्र के ग्रामों की बनी हुई है। किसानों का कहना है कि कुछ किसानों की धान कटाई में हो रहे विलंब का खामियाजा 80-90 प्रतिशत किसानों को उठाना पड़ रहा है। बारना की नहरों में अभी तक पानी ना छोड़े जाने से इस वर्ष चना गेहूं की वोवनी में भारी विलंब हो रहा है। किसानों द्वारा नहरों में पानी छोडने की मांग की जा रही है।

# कई घंटे खड़े होने के बाद भी नहीं मिल पा रहा खाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज सोसाइटी में इन दिनों खाद को लेकर किसान खासा परेशान है। किसानों को घंटे लाइन में लगने के बाद भी खाद प्राप्त नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र में खाद वितरण को लेकर किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। बताया जा रहा है कि खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों को सुबह से ही खाद केन्द्रों पर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। फिर भी उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही।

किसान हरिओम, अजय, गोपाल, प्रीतम, बाबूलाल लोधी, मुकेश, हर्षवर्धन सिंह, बदाम सिंह आदि ने बताया कि फसल बुआई का समय चल रहा है, ऐसे में खाद की कमी उनके लिए बड़ी समस्या बन गई है। देर से खाद मिलने पर फसल की बढ़वार प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। किसानों ने मांग की है कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराएं।